1–निम्नलिखित में किस वाक्य में 'सजातीय क्रिया' का प्रयोग हुआ है?

1– जीना एक कला है। 2– पक्षी डाल पर चहचहाते है।

3– वह अनेक बोलियाँ बोलता है।

4– सिपाही ने वीरता से लडाई लडी।

a)केवल 1,2 b)केवल 2,3

c)केवल 3,4 d)केवल 1,2,3

2–निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

1–पुरूष वाचक और निजवाचक सर्वनाम(आप, अपना, अपने आप आदि ) शब्दों को छोडकर अन्य सभी सर्वनाम, संज्ञा के आगे लगकर सार्वनामिक विशेषण बनाते है।

2–सार्वनामिक विशेषण को संकेतवाचक विशेषण भी कहा जाता है।

a)केवल 1 b)केवल 2

c)1,2 दोनों d)इनमें से कोई नहीं

3–निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सही नहीं है?

कुमाऊँनी शब्द –हिन्दी अर्थ

a)हट्याड़ि–धान का खेत b)ग्यूंवाड–गेहूँ का खेत

c)मड्वाडि–मंडुवे का खेत d)अदाडि–आलू का खेत

4–'ग्राम्य' कविता संग्रह के रचनाकार कौन है?

a)निराला b)जयशंकर प्रसाद

c)सुमित्रानंदन पंत d)महादेवी वर्मा

5–आपसे अरसे के बाद मुलाकात हो रही है। वाक्य में कौन सा क्रियाविशेषण है?

a)रीतिवाचक b)कालवाचक

c)परिमाणवाचक d)स्थानवाचक

6–किस वाक्य में कर्म कारक है?

1– बालक रोते रोते सो गया। 2– ग्वाला गाय दुहता है।

3– मां बच्चे को सुलाती है। 4– राजा ने सिपाही को बुलाया

a)केवल 2,3,4 b)केवल 2,3

c)केवल 1,3,4 d)उपर्युक्त सभी

7–निम्नलिखितमें से कौन सा कथन सही है?

1–हिन्दी वर्णमाला में वृत्तमुखी स्वरों की संख्या 4 है।

2–हिन्दी वर्णमाला में विसर्ग वर्णों की संख्या 2 है।

3–हिन्दी में पंचमाक्षर व्यंजनों की संख्या 5 है।

4–हिन्दी में अर्द्धस्वर व्यजनों की संख्या 4 है।

a)केवल 2,3 b)केवल 1,3

c)केवल 1,2,4 d)1,2,3,4 सभी

8– मंगन को देख पट देत बार–बार पंक्ति में कौन सा अलंकार है–

a)यमक अलंकार b) मानवाधिकरण

c)श्लेष अलंकार d)अनुप्रास अलंकार

9–निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

1–अनौपचारिक पत्रों में पत्र का विषय नहीं लिखा जाता है।

2–औपचारिक पत्रों में अभिवादन शब्दों का प्रयोग नहीं किया जाता है।

3–शासनादेश और परिपत्र अनौपचारिक प्रकार के पत्र है।

a)केवल 1,2 b)केवल 2,3

c)केवल 1,3 d)1,2,3 सभी

10–कौन सा तद्भव–तत्सम शब्द युग्म सही नहीं है?

a)सज्ञान–सयाना b)स्रोत–शोर

c)शिर–सिर d) शुक–सुआ

11–कुमाऊँनी शब्द 'क्वीड' का अर्थ है?

a)बातचीत b)बीज की क्यारी

c)कुष्ठ रोगी d)झरना

12–निम्नलिखित में से कौन सा समूह स्थानवाचक क्रियाविशेषण का दर्शाता है?

a)सरासर, मठु–मठु b)कबारि, सदानि

c)उब्बु, निस d)भिंडी, मणि

13– अध्यापक ने मोहन को घर जाने का आदेश दिया अर्थ के आधार पर कौन सा वाक्य है?

a) निषेधवाचक b) निश्चयवाचक

c) आज्ञावाचक d)विधानवाचक

14– निम्न में से कौन सा एक मुहावरा अपने अर्थ के साथ सही सुमेलित नहीं है?

a) शैतान की आँत–बहुत लम्बी बात

b) अपना किया पाना–कर्म का फल भोगना

c) आस्तीन का साँप होना–लड़ने को तैयार रहना

d) दाँत खट्टे करना–बुरी तरह परास्त करना

15–कुसुमेषु का पर्यायवाची शब्द है?

a) कमल b) जंगल

c) कामदेव d) आकाश

16– तुलसीदास का जन्म किस वर्ष हुआ था–

a) 1523 b) 1532

c) 1478 d) 1548

17–निम्न में से किस शब्द में एकाधिक उपसर्गो का प्रयोग हुआ है?

a)अनुकरण b)निहत्था

c)व्याकरण d)आगमन

18–'सृजन' का विलोम शब्द है?

a) उत्पत्ति b) खोज

c) प्रलय d) विनाश

19– 'निम्नलिखित में से कौन सा शब्द दीर्घ संधि से निर्मित है?

1.दैत्यारि 2.सत्याग्रह 3.योगीश्वर 4–विषाद

a) 1 और 2 b) 1,2 और 3

c) 1,3 और 4 d) 1,2,3 और 4

20–निम्न में से शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए?

a)इसाई b)तत्कालिक

c)वधु d)वाल्मीकि

21–रूद्रप्रयाग जनपद में विधानसभा सीट है?

1–केदारनाथ 2–रूद्रप्रयाग

3–अगस्तमुनि 4–ऊखीमठ

a)1 और 2 b)2 और 4

c)1 और 4 d)उपर्युक्त सभी

22–निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

1–गैरसैण में दूसरे विधानसभा भवन का शिलान्यास 2013 में किया गया।

2–उत्तराखंड में राज्य विधानसभा का पहला चुनाव 2001 में हुआ।

a)केवल 1 b)केवल 2

c)1,2 दोनो d)इनमें से कोई नहीं

23–सही कथन का चयन करें–

1–उत्तराखंड में मोबाइल कोर्ट की शुरूआत वर्ष 2021 में की गई।

2–यह सर्वप्रथम नैनीताल, हरिद्वार, देहरादून, यूएसएन और अल्मोडा जिलों में लागू की गई।

a)केवल 1 b)केवल 2

c)1 और 2 दोनों d)इनमें से कोई नहीं

24–उत्तराखंड राज्य हर नागरिक परिवार पहचान पत्र लागू करने वाल कौन सा राज्य बना है?

a)पहला b)दूसरा

c)तीसरा d)चौथा

25–उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग का गठन किस वर्ष किया गया?

a)2013 b)2014

c)2016 d)2017

26–निम्नलिखित में से किस नगर पंचायत में चुनाव होते है?

a)बद्रीनाथ b)यमुनोत्री

c)गंगोत्री d)केदारनाथ

27–निम्नलिखित कौन सा कथन सही है?

1–बाली दर्रा चमोली जिले में है।

2–लासपा दर्रा दारमा तथा व्यास घाट के मध्य स्थित है।

3–हाफला व निजमुला घाटी चमोली जिले में है।

a)केवल 1,3 b)केवल 2,3

c)केवल 3 d)केवल 1,2

28–सही कथन का चयन करें–

1–दुग्धताल व ताराकुंड पौडी जनपद में है।

2–मनेरी व जोशियाडा कृत्रिम झील चंपावत में

3–श्यामलाताल, झिलमिलताल व कोलीढेक झील अल्मोडा में स्थित है।

4–मंदाकिनी झरना व खराडी झरना उत्तरकाशी में स्थित है।

a)केवल 1,2 b)केवल 1,2,4

c)केवल 1,4 d)1,2,3,4 सभी

29–सीसा खनिज हेतु प्रसिद्ध कुमा बुरैला क्षेत्र किस नदी घाटी में स्थित है?

a)रामगंगा b)अलकनंदा

c)टोंस d)भागीरथी

30–कौन सा कथन सही है?

1–सरयू नदी पिथौरागढ व अल्मोडा जिलों के बीच दक्षिण पूर्वी सीमा बनाती है।

2–जाह्नवी नदी यमुना की सहायक नदी है।

3–खेला नामक स्थान पर पूर्वी धौलीगंगा काली में मिल जाती है।

4–लधिया राज्य में बहने वाली काली की अंतिम सहायक नदी है।

a)केवल 1,2 b)केवल 1,3,4

c)केवल 1,2,4 d)1,2,3,4 सभी

31–उत्तराखंड सेवा निधि एवं पर्यावरण शिक्षा संस्थान किस जिले में स्थित है?

a)उत्तरकाशी b)देहरादून

c)अल्मोडा d)नैनीताल

32–18वीं वन रिर्पोट के संदर्भ में सही कथन है?

1–राज्य में पिछली रिर्पोट की तुलना में 2.73 वर्ग किमी की बढोतरी हुई है।

2–पिछली रिर्पोट की तुलना में 7 जिलों में वन क्षेत्रफल में कमी आई है।

3–चमोली में सबसे अधिक वनावरण्ण की कमी हुई है।

केवल 1 b)केवल 2,3

c)केवल 1,2 d)1,2,3 सभी

33–1972 में किस कुणिन्द शासक की 44 स्वर्ण मुद्रायें मुनि की रेती ऋषिकेश से प्राप्त हुई थी?

a)हुविष्क b)कनिष्क

c)वासुदेव प्रथम d)वासुदेव द्वितीय

34–तराई क्षेत्र के किस परगने को भुक्सार या बुक्साड के नाम से जाना जाता था?

a)जसपुर b)काशीपुर

c)गदरपुर d)रूद्रपुर

35–खलंगा विजय के बाद 22 अप्रैल 1815 को अंग्रेजों ने गढवाल में गोरखाओं की किस प्रधान चौकी पर अधिकार कर लिया था?

a)गणनाथ डांडा b)लोहबागढ

c)बुटबल प्रान्त d)नागपुर क्षेत्र

36–गोरखा शासनकाल में कौन सा कर फौजदार तथा सूबेदार को देय था?

a)टीका भेंट b)सलामी

c)तिमारी d)सुवांगी दस्तूर

37–1942 ई. में सालम क्षेत्र से क्रांति के प्रणेता राम सिंह आजाद के पक्ष में किस व्यक्ति द्वारा वकालत की गई थी?

a)गोपाल स्वरूप पाठक b)बैरिस्टर मुकंदीलाल
c)इन्द्र सिंह नयाल d)भैरव दत्त धूलिया

38–1931 ई. में अल्मोडा में शिल्पकार सुधारिणी सभा का गठन किसके द्वारा किया गया?
a)खुशीराम आर्य b)हरिप्रसाद टम्टा
c)बच्चीराम आर्य d)बलदेव सिंह आर्य

39–किस टिहरी नरेश ने हरिकृष्ण रतूड़ी को 'गढ़वाल का इतिहास' तथा 'नरेन्द्र हिन्दू लॉ' लिखने के लिए प्रेरित किया था?
a)नरेन्द्रशाह b) कीर्तिशाह
c)प्रतापशाह d)मानवेन्द्र शाह

40–किस चंद शासक ने पश्चिमी सुरक्षा के लिए भीमताल में किले का निर्माण करवाया तथा बारामंडल, पाली तथा छखाता परगनों तक राज्य का विस्तार किया था?
a)भारतीचंद b)सोमचंद
c)त्रिलोचंद d)अभयचंद

41–निम्न में से कौन सा गोरखा कर राजस्व का कार्य करने वाले राजकर्मचारियों के वेतन हेतु खस जमीदारों से लिया जाता था?
a)अधनी दफ्तरी b)जान्या सुन्या
c)मेजबानी दस्तूर d)कल्याण धन

42–वर्ष 1815 ई. में कुमाऊँ पर अंग्रेजों के अधिकार के समय गोरखा सुब्बा के पद पर कौन था?
a)फ्रेजर बहादुर b)जोगामल्ल शाह
c)चामू भंडारी d)चौतरिया बमशाह

43–कम्पनी सरकार तथा गढवाल राज्य के मध्य पॉलिटिकल एजेंट की नियुक्ति किस वर्ष की गई थी?
a)1815 b)1890
c)1829 d)1858

44–सुमेलित नहीं है?
a)अरूण जखमोला–बॉलीबाल b)मधुमिता बिष्ट–बैडमिंटन
c)सुरेन्द्र सिंह भंडारी–एथलेटिक्स d)पद्म बहादुर मल्ल–फुटबॉल

45–सुमेलित नहीं है?
a)उत्तराखण्ड प्रशासनिक अकादमी–मसूरी
b)वन एवं पंचायत प्रशिक्षण अकादमी–हल्द्वानी
c)विधि विश्वविद्यालय–रानी पोखरी
d)पुलिस प्रशिक्षण अकादमी–नरेन्द्रनगर

46–आपदा के समय जानकारी के लिए जारी किया गया राज्यस्तरीय आपातकालीन नंबर है?
a) 1905 b) 1077
c) 1090 d) 1070

47–निम्न में से कौन सा ग्लेशियर उत्तरकाशी में स्थित नहीं है?
a) भागीरथी b) डोरियानी
c) बंदरपूंछ d)यमुनोत्री

48–निम्न में से पिंडर की सहायक नदियां है–
a) सियागंगा व मिलुनगंगा b) कैल व प्राणमति
c) कंचनगंगा व अमृतगंगा d) संगचुम्ना व थुमका

49–सुमेलित नहीं है?
a)रसोईघर की दीवारों पर अंकन–नात या टुपुक
b)जन्मपत्री या कुंडली पर बना चित्रण–पोथी चित्र
c)आरती की थाली पर बना चित्र–प्रकीर्ण चित्र
d)रेखा तथा बिंदुओं से बनी आकृति–बारबूंद

50– उत्तराखण्ड के किस स्थान पर वर्ष 2023 में अंतरिक्ष अनुसंधान पार्क का उद्घाटन किया गया?
a)हल्द्वानी b)नैनीताल
c)रूडकी d)मसुरी

51–चले साथ पहाड किसकी रचना है?
a)अरूण कुकसाल b) अमृता पांडे
c) नैनसिंह रावत d) हिंमाशु जोशी

52–मैती आन्दोलन की शुरूआत कहां से हुई थी?
a)श्रीनगर b)माणा
c)ग्वालदम d)जोशीमठ

53– सुमेलित नहीं है?
a)भैरव दत धूलिया पुरस्कार पत्रकारिता के क्षेत्र में दिया जाता है
b)'विजनवती' त्रिलोचन पांडे का काव्य संग्रह है
c)आल इंडिया रेडियो का नाम आकाशवाणी सुमित्रानंदन के सुझाव पर किया गया।
d)हिन्दी विषय में प्रथम डाक्टरेट होने वाले व्यक्ति पीताम्बर बडथ्वाल हैं।

54–निम्नलिखित में कौन सा कथन सही है?
1–मौलाना आजाद एजुकेशन फाइनेंस फाउंडेशन योजना–2012.13 से संचालित है
2–तीलू रौतेली पेंशन योजना–1 अप्रैल 2006
3–मुख्यमंत्री बालाश्रय योजना का संबंध अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।
4–हरिद्वार में राजकीय आदर्श विद्यालय की स्थापना 2014–15 से किया जा रहा है।
a)1 और 2 b)1 और 4
c)3 और 4 d)1 और 3

55–किस चंद शासक ने 1674 ई. में व्यास घाटी को अपने राज्य में मिलाया तथा भोटिया व हुणिया व्यापारियों से सिरती नामक कर लेने का आदेश दिया?
a)उद्योतचंद b)रूद्रचंद
c)बाजबहादुर चंद d)लक्ष्मीचंद

56– निम्न में सुमेलित है?

1. क्रांति दिवस मेला –21 अप्रैल 2.हरियाली पूड़ा मेला–मकर संक्राति
3. गेंदा कौथिक – पद्मा देवी मन्दिर 4. पूर्णागिरी मेला – चैत्र नवरात्र

a) 1, 2 और 4  b) केवल 2
c) 2 और 4  d) केवल 4

57–फरवरी 2026 में तेंलागना में आयोजित राष्ट्रीय महिला बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में उत्तराखंड की किस महिला ने स्वर्ण प्रदक जीता है?

a)प्रतिभा थपलियाल  b)गीता सैनी
c)गरिमा बर्नोलिया  d)वंदना ठाकुर

58–हाल ही में औली में शीतकालीन विंटर कार्निवल और राष्ट्रीय स्कीइंग चैंपियनशिप 2026 का उद्घाटन किसने किया?

a)पुष्कर सिंह धामी  b)सतपाल महाराज
c)रेखा आर्य  d)धन सिंह रावत

59–उत्तराखंड सरकार द्वारा फरवरी 2026 में किशोरियों को 300 दिनों के लिए पूरक पोषण प्रदान करने हेतु कौन सी योजना शुरू की गई है?

a)देवभूमि बालिका योजना  b)किशोरी बालिका योजना
c)पोषण सुरक्षा योजना  d)महिला शक्ति योजना

60–फरवरी 2026 में उत्तराखंड के किस जिले में भारत और जापान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन का 7 वां संस्करण शुरू हुआ?

a)अल्मोडा  b)पिथौरागढ
c)उत्तरकाशी  d)चमोली

61– निम्नलिखित में से किसको लोकसभा और राज्यसभा दोनों के निर्वाचनों में मतदान का अधिकार है?

a)संसद के निम्नलिखित सदन में निर्वाचित सदस्यों को
b)संसद के उच्च सदन में निर्वाचित सदस्यों को
c)राज्य विधानमंडल के उच्च सदन में निर्वाचित सदस्यों को
राज्य विधानमंडल के निम्न सदन में निर्वाचित सदस्यों को

62– अशोक के अभिलेखों के अनुसार निम्नलिखित में से कौन –सा मगध साम्राज्य में एक प्रांतीय केंद्र नहीं था?

a)तोसलि  b)उज्जयिनी
c)तक्षशिला  d)इंद्रप्रस्थ

63–जब कोई व्यापारिक बैंक किसी अन्य बैंक से एक दिन की अवधि के लिए धन मांगता है तो वह कहलाता है?

a) कॉलमनी  b) कॉलनोटिस
c) मसाला बांड  d) ट्रेजरी बिल

64– निम्नलिखित आयोगों के गठन को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए:

1. राष्ट्रीय महिला आयोग
2. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
3. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग
4. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

a)1, 2, 3, 4  b)1, 2, 4, 3
c)1, 4, 2, 3  d)4, 3, 2, 1

65– किस भारतीय राज्य के विधान सभा चुनाव में पहली बार मतदाता सत्यापन – योग्य पेपर ऑडिट ट्रेल (वी वी पी ए टी) प्रयुक्त हुआ था?

a)सिक्किम  b)मणिपुर
c)मेघालय  d)नागालैण्ड

66– किस समिति की अनुशंसाओं के आधार पर केन्द्रीय सतर्कता आयोग का गठन किया गया था?

a)तारकुंडे समिति  b)संथानम समिति
c)गोस्वामी समिति  d)अशोक मेहता समिति

67– निम्नलिखित में से कौन सी समिति अनन्य रूप से लोकसभा की है?

a)लोक लेखा समिति  b)प्राकलन समिति
c)लोक उपक्रम समिति  d)पुस्तकालय समिति

68– 'सिगार शिखर' निम्नलिखित में से किस पठार में स्थित है?

a)मेवाड़ पठार  b)मालवा पठार
c)बुन्देलखण्ड पठार  d)कोलार पठार

69– 1918 में अहमदाबाद टेक्सटाइल मजदूर संघ की स्थापना की?

a)सरदार पटेल  b)महात्मा गांधी
c)वी. डी. सावरकर  d)लाला लाजपत राय

70– निम्नलिखित में से कौन महात्मा गांधी के असहयोग आन्दोलन वापस लेने के निर्णय का आलोचक नहीं था?

a)मोतीलाल नेहरू  b)एन. सी. केलकर
c)जमनालाल बजाज  d)सुभाषचंद्र बोस

71– निम्नलिखित में से कौन सी सिन्धु नदी की सहायक जो 'पीर पंजाल' से उद्गमित होती है?

a)सतलुज  b)रावी
c)झेलम  d)चेनाब

72–कौन सा वर्ष भारत में केन्द्र राज्य सहयोग एवं केन्द्र राज्य संघर्ष की विभाजक रेखा माना जाता है

a)1967  b)1969
c)1977  d)1989

73– ला नीना के बारे में निम्नलिखित में से कौन – से कथन सही हैं?

1. व्यापारिक पवनों का सुदृढ़ होना
2. मध्य और पूर्वी प्रशांत महासागर का शीतलन
3. भारत में वर्षा की वृद्धि

सही उत्तर का चयन करें:

a)केवल 1 और 2  b)केवल 2 और 3
c)केवल 1 और 3  d)1, 2 और 3

74– ब्लॉक पर्वतों के संदर्भ में सही कथन का चयन करें–

1. वे संपीड़न बलों के कारण बनते हैं।
2. वे आस – पास की भूमि के नीचे की ओर आंदोलन के परिणामस्वरूप बनते हैं।
3. ब्लैक फॉरेस्ट ब्लॉक पर्वत है।

a)केवल 1,2 b)केवल 2
c)केवल 2,3 d)केवल 1,3

75–निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
1–गोदावरी प्रायद्वीपीय भारत की सबसे बडी नदी है।
2–गोदावरी को वृद्ध गंगा के नाम से जाना जाता है।
3–गोदावरी नदी कर्नाटक और केरल राज्यों में बहती है।
4–पद्मावती और इन्द्रावती गोदावरी की सहायक नदी है।
a) केवल 1,2,4 b) केवल 1,3,4
c) केवल 2,3,4 d) 1,2,3,4 सभी

76–अवमूल्यन का उद्देश्य होता है–
a)निर्यात को हतोत्साहित करना b)आयात को प्रोत्साहित करना
c)विदेशी मुद्राओं का महत्व घटाना d)निर्यात को प्रोत्साहित करना

77–निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
1– रौलेट एक्ट से सार्वजनिक रोष की एक लहर उमडी जिसके कारण जलियावाला हत्याकांण्ड हुआ
2– सुभाष चन्द्र बोस ने फॉरवर्ड ब्लॉक का गठन किया
3– भगत सिंह हिन्दुस्तान रिपब्लिकन सोशलिस्ट एसोसिएशन के संस्थापको मे से एक थे
4–1931 ई0 में कराची अधिवेशन में गांधी इरविन समझौते का विरोध हुआ था
a)केवल 1,2 b)केवल 2,3,4
c)केवल 1,2,3 d)1,2,3,4 सभी

78–निम्न में से कौन सा युद्ध दारा शिकोह और औरंगजेब के मध्य उत्तराधिकार के लिए हुआ था?
1–सामूगढ 2–देवराई
3–धरमट 4–भैरोवाल
a)केवल 2,4 b)केवल 2,4
c)केवल 1,2,3,4 सभी d)केवल 1,2,3

79–अशोक का कौन सा अभिलेख दो लिपियों ग्रीक और अरमाइक में प्राप्त हुआ है?
a) शाहबाजगढी b)मानसेहरा
c)कालसी d) शार ए कुना

80–अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस कब मनाया जाता है?
a)10 नवम्बर b)10 दिसम्बर
c)8 मार्च d)25 नवम्बर

81–निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित है?
1– कलिंग पुरस्कार–विज्ञान 2– डेविड कोहेन पुरस्कार–साहित्य
3– बोरलॉग पुरस्कार–साहित्य 4– प्रित्जकर पुरस्कार–पत्रकारिता
a)केवल 1,2 b)केवल 2,3,4
c)केवल 1,2,3 d)1,2,3,4 सभी

82–भारतीय प्रतिभूति नियामक बोर्ड का मुख्यालय स्थित है?
a) नई दिल्ली b) मुम्बई
c) कोलकाता d) हैदराबाद

83–स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना की शुरूआत किस वर्ष की गई?
a) 2002 b) 2010
c) 1996 d) 1999

84– पश्चिमी विक्षोभ, जो भारत की शीतकालीन जलवायु को प्रभावित करते हैं, मुख्य रूप से किस क्षेत्र से उत्पन्न होते हैं?
a)भूमध्यसागरीय क्षेत्र b)सहारा मरूस्थल
c)अरब सागर चक्रवातजनन अटलांटिक महासागर की व्यापारिक पवनें

85–हाल में छारी–ढांड को रामसर क्षेत्र घोषित किया गया यह किस राज्य में स्थित है?
a)बिहार b)गुजरात
c)राजस्थान d)उत्तरप्रदेश

86– ........कुंजियाँ की – बोर्ड की शीर्ष पंक्ति पर मौजूद होती हैं–
a)फंक्शन b)नेविगेशन
c)एरो d)संख्यात्मक

87– माइक्रोकंट्रोलर के संदर्भ में PIC का अर्थ ........है।
a)प्रीफेरस्ड इंटरनेट कंट्रोलर b)प्रीफेरस्ड इंटरफेस कंट्रोलर
c)पेरिफेरल इंटरनेट कंट्रोलर d)पेरिफेरल इंटरफेस कंट्रोलर


88– कंप्यूटर में डाटा को प्रोसेस करने के लिए इनमें से किस भाषा का उपयोग किया जाता है?
a)कोबोल b)बाइनरी
c)बेसिक d)जावा

89– उस मेमोरी यूनिट का चयन करें जिसका एक्सेस टाइम सबसे कम होता है।
a)रोम b)फ्लैश
c)रैम d)कैश

90–निम्नलिखित में क्या ऑपरेटिंग सिस्टम का एक प्रकार नहीं है?
a)मल्टीप्रोग्राम ओएस b)मल्टीप्रोसेसिंग ओएस
c)मल्टीटाइमिंग ओएस d)इंटरैक्टिव ओएस

91– चार मित्र, H, I, J और K, एक वर्ग के चारों कोनों पर केंद्र की ओर मुख कर के बैठे हैं। H और J विकर्णतः सम्मुख कोनों पर बैठे हैं। I, H के ठीक बाईं ओर बैठा है। तो J के ठीक दाईं ओर कौन बैठा है?
a)J b)I
c)K d)H

92– नीचे दिए गए वेन आरेख का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।




कितने गैर स्नातक अधिकारी न तो प्रशासक है और न ही इंजिनियर हैं?

a)8 b)9
c)76 d)67

93– कवि बिन्दु A से पश्चिम दिशा की ओर चलना शुरू करता है और बिंदु B पर पहुँचने के लिए 8 किमी. चलता है। यहाँ से, वह दाएँ मुड़ता है और बिंदु C पर पहुँचने के लिए 6 किमी. चलता है। फिर वह दांए मुड़ता है और बिंदु D पर पहुंचने के लिए 5 किमी चलता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 2 किमी चलकर बिंदु E पर पहुँचता है। यहां से, वह दाएं मुड़ता है और बिंदु F पर पहुँचने के लिए 4 किमी चलता है। फिर वह दाएं मुडता है और बिंदु G पर पहुँचने के लिए 10 किमी चलता है। उसके बाद वह बाएं मुड़ता है और बिंदु H पर पहुँचने के लिए 2 किमी चलता है। फिर वह अंतिम बाएं मुड़ता है और अपने गंतव्य बिंदु I पर पहुंचने के लिए 2 किमी. चलता है।
निम्नलिखित में कौन सा कथन सही है।

a)बिंदु B, बिंदु F के सापेक्ष उत्तर –पश्चिम दिशा में हैं।
b)बिंदु A, बिंदु D के सापेक्ष उत्तर दिशा में हैं।
c)बिंदु G, बिंदु I के सापेक्ष दक्षिण–पश्चिम दिशा में हैं।
d)बिंदु H, बिंदु C के सापेक्ष उत्तर –पूर्व दिशा में हैं।

94– दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर –समूह का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सकता है।

HDMS, OVVI, VNEY, CFNO, ?

a)JXXF b)JXWE
c)JYWF d)KXWE

95–नीचे दिए गए में एक और । और ।। से अंकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथन में दी गई जानकारी का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है अथवा नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उत्तर दीजिए।

A और B के बीच की दूरी क्या है?

कथन ।: C, A और D के बीच की दूरी के मध्य में है।
कथन ।।: B, E के 3 किमी पूर्व में हैं।


a)। अकेले पर्याप्त है जबकि ।। अकेले पर्याप्त नहीं है।
b)।। अकेले पर्याप्त है जबकि । अकेले पर्याप्त नहीं है।
c) और ।। दोनों पर्याप्त है
न तो । और न ही ।। पर्याप्त है।

96– कथन सभी ऊँट गधे है।कुछ बिल्लयाँ ऊँट हैं।सभी डॉल्फिन बिल्लियाँ है।

निष्कर्ष I. सभी डॉल्फिन गधे है। II. कुछ डॉल्फिन गधे है।
III. कुछ गधे बिल्लियाँ है। IV. सभी बिल्लियाँ गधे हैं।

a)केवल निष्कर्ष IV अनुसरण करता है।
b)निष्कर्ष ।।। अनुसरण करता है।
c)निष्कर्ष । और ।।। दोनों अनुसरण करते है।
d)दोनों निष्कर्ष ।। और ।।। दोनों अनुसरण करते है।

97–दी गई आकृति में त्रिभुजों की संख्या कितनी है?



a)16 b)17
c)18 19

98–यदि 17 दिसम्बर 2002 को शनिवार था, तो 22 दिसम्बर 2004 को कौन सा दिन था?

a) मंगलवार b) सोमवार
c) बुधवार d) रविवार

99– किसी कक्षा की सात छात्राओं के बारे में जानकारी दी गई हैं।
1. आरती की लंबाई, छवि से अधिक है, लेकिन दीक्षा से कम है।
2. भावना, दीक्षा से लंबी है, लेकिन प्रियंका से छोटी है।
3. निशा की लंबाई, गरिमा से कम है, लेकिन प्रियंका से अधिक है।
उपर्युक्त जानकारियों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।
सबसे लम्बी कौन है?

a)निशा b)भावना
c)गरिमा d)आरती

100– यदि 'P' का अर्थ '×' हो, 'R' का अर्थ '÷' हो, 'M' का अर्थ '–' हो तथा 'W' का अर्थ '+' हो तो, निम्नलिखित में कौन सा विकल्प सही है?

a)20 R 5 W 12 M 3 P 4 = 8
b)20 R 5 W 12 M 3 P 4 = 6
c)20 R 5 W 12 M 3 P 4 = 4
d)20 R 5 W 12 M 3 P 4 = 1